बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800 001
(पंजीयन सं०–633/2003)
E-mail : basa_bihar@yahoo.com

अध्यक्ष
अरूण चन्द्र मिश्र
☎ : 2526123 (R), 9835281295, 9939469410
महासचिव
सुशील कुमार
☎ : 9431091417, 9431818484

पत्रांक : 73 दिनांक 16/6/2008

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 15.06.08 को बिहार प्रशासनिक सेवा संघ की आमसभा विद्यापति भवन, पटना में आयोजित हुई। आमसभा में मुख्य अतिथि के रूप में श्री आमीर सुबहानी, सचिव, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि बिहार प्रशासनिक सेवा की भूमिका राज्य के विकास एवं प्रशासन के संचालन में महत्वपूर्ण है। सरकार इस सेवा की प्राथमिकता से अवगत है तथा सेवा शर्तो में व्यापक सुधार हेतु आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि सेवा संघ सेवा शर्तो में सुधार हेतु अपना सुझाव राज्यसरकार को शीघ्र दें। आमसभा को सम्बोधित करते हुए संघ के सदस्यों ने राज्य के विकास, विधि–व्यवस्था के सफल संचालन में अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन की वचनबद्धता को दुहराया। संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, श्री अरूण चन्द्र मिश्र एवं महासचिव, श्री सुशील कुमार ने सरकार को आश्वस्त किया कि बिहार प्रशासनिक सेवा के सदस्यों को अपने कर्तव्यों की जानकारी है एवं राज्य के विकास में सरकार के निदेशों का शत–प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। बिहार प्रशासनिक सेवा संघ सरकार से भी यह अपेक्षा करती है कि बिहार प्रशासनिक सेवा के सेवा शर्तो में यथोचित सुधार किया जाय ताकि बिहार प्रशासनिक सेवा की राज्य सरकार में प्राथमिकता एवं उपयोगिता बनी रहे।

बिहार प्रशासनिक सेवा के नये कार्यकारिणी का गठन किया गया है, जिसकी सूची इस पत्र के साथ संलग्न है।

Sushil 16/6/08
महासचिव
बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

अनु0:–यथोक्त
ज्ञापांक:–73 दिनांक:– 16/6/2008
प्रतिलिपि:–1. आकाशवाणी / दूरदर्शन को सूचनार्थ एवं प्रसारनार्थ प्रेषित।
2. सभी दैनिक समाचार पत्रो के सम्पादक को सूचनार्थ प्रेषित।

Sushil 16/6/08
महासचिव
बिहार प्रशासनिक सेवा संघ